# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024




तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024



12 अवैध पेड़ कटाई का विरोध, छत्तीसगढ़ जन संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन





15 सुरपा में चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान







## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.





## रिसाली और दुर्ग निगम आमने-सामने
# कचरा डंप को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एनजीटी के नोटिस के बाद दुर्ग निगम और रिसाली निगम कचरा डंप को लेकर आमने-सामने हो गए है। दुर्ग निगम अपने क्षेत्र का कचरा रिसाली निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड नेवई में खपा रहा है। रिसाली निगम इसके विरोध में है। करोड़ों रुपए का फंड कचरा सेग्रीगेट के लिए मिलने के बावजूद कचरे को यूं ही डंप किया जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार



रिसाली निगम क्षेत्र के नेवई में रात को कचरा डंप करती दुर्ग निगम की गाड़ी।

### करोड़ों का फंड सेग्रीगेट के लिए

केंद्र सरकार करोड़ों रुपए का फंड निगमों को कचरे को सेग्रीगेट करने के लिए देती है। अकेले रिसाली निगम को सालभर में 2 करोड़ रुपए का फंड मिलता है। दुर्ग निगम को भी करोड़ों रुपए का फंड सेग्रीगेट करने के लिए मिल रहा है। इस फंड से गीला कचरा और सूखे कचरे का अलग अलग कर डिस्पोज करना है। लेकिन दुर्ग निगम नेवई में बिना सेग्रीगेट वाले कचरे को डंप कर रहा है।

### रात को पार्षदों ने पकड़ा वाहन

नेवई में यूनिवर्सिटी के पास दुर्ग निगम से लाकर पिछले एक हफ्ते से लगभग 40 से 50 डंफर हर दिन कचरा डंप कर रहे हैं। हफ्ते भर में 200 डंफर कचरा डंप आज तक डाल चुके है। नेवई के पार्षद परमेश्वर देवदास , रानू धनकर और संजय यादव को इसके बारे में पता चला तो तुरंत वहां पर जा कर सभी गाड़ियों को रुकवाकर कचरा डंप करने से रोका। परमिशन लेटर भी किसी ड्राइवर के पास नहीं था। रात में 9 बजे के बाद यहां कचरा डंप करते है। रिसाली निगम के पार्षद धर्मेंद्र भगत भी डंप के जगह में पहुंचे।

### फंड पर लग सकती है रोक

एनजीटी ने दुर्ग निगम, भिलाई निगम और रिसाली निगम को नोटिस दिया है कि वे अपने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे का पहाड़ को खत्म करें। दुर्ग निगम क्षेत्र बड़ा है और पोटियाकला स्थित हजारों टन डंप कचरे का वहां से दूसरी जगह शिफ्ट करना है। इसलिए दुर्ग निगम ने नेवई में कचरे को डालना शुरू कर दिया है। कचरा वहां से नहीं हटेगा तो केंद्र से मिलने वाले फंड पर रोक लग सकती है।

### कलेक्टर को देंगे सूचना

दुर्ग निगम द्वारा नेवई में कचरा डंप करने की जानकारी कलेक्टर मेडम को देंगे। यहां कचरा डंप करने से रोकने के लिए कहेंगे। **-मोनिका वर्मा,** आयुक्त निगम रिसाली

### लैंड फिलिंग कर रहे

नेवई ट्रेंचिंग ग्राउंड के आधा एकड़ एरिया गड्ढे.का है। इसे पाट कर मिट्टी डालकर वृक्षारोपण करने के लिए हमारी बीएसपी, सीआईएसएफ से चर्चा हुई है। स्थल विजीट हुआ। उसके बाद हम वहां कचरा डलवा रहे हैं। रिसाली निगम को यहां पर 35 एकड़ जगह मिली है। वहां हम नहीं जा रहे।

**-लोकेश चंद्राकर,** आयुक्त दुर्ग निगम

## पावर हाउस फल मंडी में लगी आग, दो दुकानें खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में पावर हाउस फल मार्केट में बुधवार की रात आग लग गई। जिससे दो फल दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बिजली खंभे में शॉर्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आग लगने पर पहले बुझाने में व्यापारी जुट गए। सीज फायर एक्सटेंशन का भी इस्तेमाल किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। दमकल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने एक दमकल गाड़ी पानी का उपयोग कर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## सर्वेश्वर धाम सेक्टर-4 में दानपेटी की चोरी

**भिलाई।** भट्ठी थाना अंतर्गत सर्वेश्वर धाम मंदिर सेक्टर-4 ए मार्केट में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर के मुख्य द्वारा का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर घुसा। इसके बाद अंदर रखी 7 दान की पेटियों से करीब 50 हजार रुपए नगद ले भागा। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, इसमें आरोपी की तस्वीर नजर आ रही है। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री साय आज भिलाई में



**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 18 अक्टूबर को दोपहर 1.55 बजे थाना ग्राउण्ड परिसर हेलीपेड भिलाई-3 पहुंचेंगे। कार द्वारा अग्रसेन भवन खुर्सीपार के लिए प्रस्थान करेंगे। वे यहां पर अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात मुख्यमंत्री साय कार द्वारा थाना ग्राउण्ड हेलीपेड के लिए प्रस्थान कर अपरान्ह 3.05 बजे हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर के लिए रवाना होंगे।










निगम की कार्रवाई

## 6 लाख बकाया संपत्तिकर वसूला सन मैरिज पैलेस से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सन मैरिज पैलेस कैलाश नगर कुरूद द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं की जा रही थी। नोटिस देने के बाद भी जब संपत्तिकर जमा नहीं किया गया। आयुक्त बजरंग दुबे के द्वारा नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 की उपधारा 1 अंतर्गत संपत्तिकर की बकाया राशि 1170240.00 रूपये जमा करने का कुर्की वारंट जारी किया गया था। इसके पूर्व में धारा 174 की उपधारा 1 के अधीन उस पर मांग पत्र दिये गये थे। जिसमें 30 दिन के अंदर राशि चुकाने का नोटिस दिया गया था। कुर्की वारंट जारी होने



के बाद यदि संपत्तिकरदाता द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है, जो चल-अचल संपत्ति के अभिहरण का विक्रय द्वारा या उसके अचल संपत्ति की कुर्की या विक्रय द्वारा वसूल धारा 178 के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है। राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी अपने टीम के साथ मैरिज स्थल पर उपस्थित हुए।

अच्छी पहल

## जिला अस्पताल दुर्ग में सात यूनिट रक्त हुआ प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत महाविद्यालय के टीचर एवं स्टाफ द्वारा 7 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में कलेक्टर सुश्री चौधरी ने भी रक्तदान किया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, मलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, सीएस डॉ. हेमंत साहू, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार नायक, डीपीएम डा.



भूमिका वर्मा, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ. ओपी वर्मा, मैट्रन चित्ररेखा बोरकर, मंजू राय, देव जनिक शिवहरे, नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अविनाश, सती गुप्ता तरुणा रावत, टीएस एंथोनी, रोशन सिंह, रूपेश सरपे, महेंद्र चंद्राकर, निगार, मिनाक्षी, सूरज, हिमांशु चंद्राकर, कौशल साहू, माला प्रशिक्षणार्थी रिया, धनेश्वरी, यशवंत आदि मौजूद थे।

जागरूकता

## बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव ने स्कूल की बच्चियों से संवाद की। दैनिक जीवन में पौष्टीक एवं संतुलित आहार लेने उनसे वचन लिए, ताकी शारीरिक एवं मानसिक विकास में समस्या न हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में विधायक यादव ने बच्चियों को मौसम के अनुरूप फल एवं सब्जियाँ में मिलने वाले पौष्टीक गुण एवं तत्वों की जानकारी देते हुए अच्छा भोजन लेने प्रेरित किये। इस दौरान गयानगर के 5 नन्ही बच्चियों को विभाग की ओर से पोषण आहार किट प्रदान किये। मेंहदी, पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से सुन्दर चित्र



उकरते हुए बेटी बचाओ का संदेश देने वाले बेटियों को पौष्टीक मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किये। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के तत्वाधान में परियोजना स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल नयापारा में आयोजित हुआ।

### खबर संक्षेप

#### पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने प्रदर्शन

दुर्ग। कवर्धा जिले के लोहारडीह निवासी पीडित स्व कचरू साहू के पीड़ित परिवार के न्याय की गुहार के लिए अनशन में बैठी सुश्री पार्वती साहू जी के साथ राजेंद्र साहू, महामंत्री,प्रदेश कांग्रेस कमेटी, होरीराम साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस कबीरधाम, मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भिलाई, छोटेलाल यादव संरक्षक यादव समाज, दुर्ग, राकेश सिन्हा, अकाश केशरवानी, गोपाल चंद्रवंशी, भुनेश्वर पटेल थे।

#### गंज मंडी काम्प्लेक्स की दुकानों की प्रीमियम जमा करने चेतावनी

दुर्ग। गंज मंडी के दुकानों का आबंटन शुरू कर दिया गया है। दुकानों का टेंडर पश्चात प्रीमियम राशि जमा करने पत्र भेजा गया है। जिसमें अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करने कहा गया हैं। बता दे कि गंज मंडी में सी मार्ट 6 दुकानों में खोला गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि, साहिल हुसैन, सुखलाल चक्रधारी, धनश्री भानुशाली, मो.वसीम, डॉ ममता राय, मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा, हर्ष जैन, मुरली शर्मा, कालीकृष्ण यादव, लक्ष्मी कांत राजपूत, गोपी शर्मा, भुनेश्वर परासर, शशि सोनी, शब्बीर चौहान, कुमारी मोहनी राखोडे, अशोक राखोडे, अंकित मनहरे, भारती छाजड़े जैन, लिनादेवी जैन, प्रीति जैन के अलावा राजू लाल साहू शामिल है।

### शहर की 70 फीसदी आबादी को दो दिन से नहीं मिला पेयजल

# दो दिन से शहर में पेयजल संकट टैंकरों की डिमांड नहीं हो रही पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी स्थित जलसंयंत्र में 42एमएलडी का ट्रांसफार्मर जलने के कारण पिछले दो दिनों से शहर में पेयजल की सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। पेयजल सप्लाई नही होने से हाहाकार की स्थिति के बीच लगातार वार्डो से टैंडर भेजने की डिमांड पहुंच रही है, लेकिन निगम प्रशासन द्वारा न ही ट्रांसफार्मर सुधारा गया है और न ही जरूरत के मुताबिक वार्डो में टैंकर भेजी जा रही है। विगत सोलह अक्टूबर से स्थिति जस की तस है।

नगरनिगम में एक भी तकनीकि एक्सपर्ट (इलेक्ट्रिकल) नही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतान पड रहा है। निगम प्रशासन द्वारा एक्सपर्ट नही होने के कारण सिविल के इंजीनियर संजय ठाकुर को प्रभारी बनाया गया है। यही कारण हैं कि, तकनीकि समस्या का खामियाजा आय दिन वार्डवासियों को भुगतान पड रहा है। दो दिन से 42एमएलडी से पानी की सप्लाई नही होने से 70 फीसदी आबादी परेशान है। निगम के अधिकारियों ने दूसरे दिन गुरूवार को सुधार होने का दावा किया था। लेकिन गुरूवार को देर रात तक भी घरों में पेयजल नही पहुंचा, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ गया। शहर के रिहायसी से लेकर आउटर वार्डो में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

### सिविल इंजीनियर को दे रखा है इलेक्ट्रिकल की जिम्मेदारी से बिगड़ी व्यवस्था

#### ट्रांसफार्मर जलने के बाद दूसरा विकल्प नहीं

नगरनिगम शहर की बडी आबादी को रोजाना पेयजल की सप्लाई करता है। जानकरो की माने तो इसके लिए विकल्प के तौर पर एक अन्य ट्रांसफार्मर रखने का प्रावधान है। ताकि विपरित परिस्थिति में सप्लाई बाधित न हो। लेकिन निगम एक ही ट्रांसफार्मर से वार्डो में पेयजल सप्लाई कर रही है। एक्सपर्ट नही होने के कारण ट्रांसफार्मर की स्थिति की जानकारी पहले नही मिल पाई। इससे पहले बाढ के दौरान 23-24 जुलाई को भी ट्रांसफार्मर जला था। इस दौरान दुरूस्त करने का दावा किया गया था, वही स्थिति एक बार फिर हो गई हैं।



#### पार्षद हो रहे हलाकान, वार्डवासियों में आक्रोश

वार्डों में दो दिन से पानी की सप्लाई नही होने का ठिकरा वार्डवासी पार्षदों पर फोड़ रहे है। पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने बताया कि, उन्होने गुरूवार सुबह चार टैंकर की मांग की थी, जिसमें दो टैंकर ही मिले है। देर रात पानी नही मिलने से डिमांड और बढ रही हैं। यही हाल बोरसी, बघेरा, सिकोलाभांटा के पार्षदों ने भी टैंडर नहीं आने की बता कही हैं। बहरहाल निगम के अधिकारियों ने दावा किया है कि, गुरूवार को देर शाम ट्रांसफार्मर का मरम्मत कर लिया गया हैं।

#### सुधार हो जाएगा

बुधवार को दोपहर ट्रांसफार्मर जल गया था। जिससे 42एमएलडी से सप्लाई नही हो पाई। देर शाम दुरूस्त कर लिया जाएगा।

-संजय कोहिले, प्रभारी जल विभाग

#### आए दिन की समस्या

निगम प्रशासन के पास वैकल्पित व्यवस्था होनी चाहिए। हर पन्द्रह दिनों में पेयजल की समस्या हो रही हैं। संयंत्रों के गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए।

-दिनेश देवांगन पूर्व सभापति, नगरनिगम

## घर में घुसे चार लड़के, दो को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्राम झलमला में पकड़ने के बाद कोतवाली पुलिस को सौंपा

चोरी करने की नीयत से घर में घुसे दो नाबालिग लड़कों को लोगों ने पकड़ लिया, जिसके बाद उन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। घटना जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में स्थित गंगा नगर की है।

दोनों नाबालिग को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द करने के दौरान गंगा नगर झलमला निवासी उमेश यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर को रात्रि करीबन 1 बजे मेरा लड़का गीतेश्वर यादव माता सेवा में शामिल होकर घर वापस आया और गेट को खोलकर अंदर गया तो देखा 4 अज्ञात व्यक्ति मेरे घर के अंदर बाऊन्ड्रीवाल को कूदकर कर घुसे थे, जो मोटर सायकल को गेट की तरफ निकाल रहे थे, जिसे मेरे लड़के ने आवाज दी तब अचानक चारों हड़बड़ा गये और दीवार कूदकर भागने लगे। इस दौरान मेरे बेटे ने अपने साथी भोला गुप्ता, मिथलेश साहू एवं अन्य लोगों के साथ चारों को दौड़ाया। साथ में गांव के लोग भी आवाज सुनकर बाहर निकले। भागने के दौरान उनमें से दो लड़के घर के साईड में बनी नाली में गिर गए, जिन्हें लोगों ने पकड़ा। दोनों से पूछने पर गोलमाल जवाब देने लगे। इस पर दोनों को पकड़कर रात्रि में ही थाना ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी के कई मामलों में पुलिस गिरफ्त से बाहर चोरों की पुलिस पहले से ही तलाश कर रही है। ऐसे में आम जनता द्वारा इस तरह से मदद कर चोरों को पुलिस के सुपुर्द करने से पुलिस को चोरों तक पहुंचने में काफी हद तक मदद मिल रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों में लगभग 15 लाख रुपए से अधिक की चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज हुई है। ऐसे में पुलिस के सामने चोरों तक पहुंचने में एक बड़ी चुनौती है, हालांकि पकड़े गए चोरों के माध्यम से मुख्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सकता है।

#### पार्षद से मारपीट मामला दर्ज

बालोद। डेढ़ साल पहले फूटी पाइप को नहीं बनाने, मंच को नहीं बनाने व नाली निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित वार्डवासी द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन ने दल्लीराजहरा थाने में की है। शिकायतकर्ता संतोष देवांगन ने बताया कि वह वार्ड क्रमांक 10 का वर्तमान में वार्ड पार्षद व नगर पालिका राजहरा का उपाध्यक्ष है। 17 अक्टूबर को करीबन 9.30 बजे वे अपने घर के पीछे बाडी में काम कर रहे थे। उसी समय वार्ड निवासी शंकर यादव शराब के नशे में घर के अंदर घुस गया और गाली गलौज करते हुए कालर पकड़ कर मारपीट करने लगा।

## अवैध पेड़ कटाई का विरोध, छत्तीसगढ़ जन संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ पेड़ों की कटाई के विरोध में विभिन्न संगठनों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

विभिन्न संगठनों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिकों ने हसदेव अरण्य में परसा कोयला खदान में हुई पेड़ो की कटाई और प्रभावित आदिवासी समुदाय पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में दुर्ग में प्रदर्शन किया गया। चंद्रभान सिंह ठाकुर ने बताया कि, सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम साल्ही और आस-पास के अन्य ग्रामों के साथ-साथ सूरजपुर जिले के जनार्दनपुर और अन्य इलाकों में परसा कोल खदान परियोजना को लेकर आज तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। गुरुवार की सुबह से ही सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है,



जिसका ग्रामीण और हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य विरोध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से कलादास डहरिया ने बताया कि, हसदेव अरण्य पांचवी अनुसूची क्षेत्र में शामिल है, इसके बावजूद पेसा कानून और आदिवासियों के तमाम संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए हसदेव में पेड़ों में कटाई शुरू कर दी गई है। इसका विरोध करने वाले प्रभावित आदिवासी समुदाय के लोगों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया है, जिसमे हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामलाल करियाम घायल हुए है। ज़िला किसान संघ के महेश साहू ने कहा कि, लगभग 6000 पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे लगभग 140 हेक्टेयर जंगल का सफाया किया जाएगा। ताकि परसा कोल ब्लॉक का काम शुरू हो सके। दुर्ग कलेक्टर माध्यम मुख्यमंत्री और राज्यपाल नाम ज्ञापन देने विएन प्रसाद राव, संदीप पटेल, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, महेश साहू, कलादास डहरिया, पवन, गीत ढहरिया, आदिवासी मातृशक्ति संगठन से चंद्रकला तारम, उमा सिंह, चंद्रिका रावत, छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा से नीता ढहरिया और कामेश्वरी उपस्थित रहे।

## राज्योत्सव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 5 नवम्बर 2024 को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं की विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में 1 से 6 नवम्बर तक रात्रि में रोशनी की जाएगी। साथ ही शासन के कल्याणकारी योजनाओं/हितग्राही मूलक को कार्यक्रम में लाभान्वित किया जाएगा। इस आयोजन में सभी हितग्राहियों को राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का मिलेगी लाभ।

## कृषि स्थायी समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कृषि स्थायी समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा

जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की जानकारी व आगामी फसल के लिए बीजों की उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर फैसला लिया गया। बैठक में योगिता चंद्राकर, सभापति जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति एवं विशेष अतिथि पुष्पा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी यशवंत साहू सदस्य कृषि स्थायी समिति व अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पूजा कश्यप साहू, उप संचालक उद्यान सह सदस्य सचिव कृषि स्थायी समिति द्वारा सभापति की अनुमति से विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें वर्ष 2024-25 के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग में संचालित राष्ट्रीय बागवानी




मिशन योजना घटक सब्जी क्षेत्र विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती अंतर्गत ग्रीन हाऊस, शेडनेट हाऊस व माली प्रशिक्षण एवं राज्य पोषित योजना घटक नदी कछार, सामुदायिक फेंसिंग, पोषण बाड़ी इत्यादि योजनाओं का भौतिक, वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। वही विकास साहू, सहायक संचालक कृषि द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदाय की। अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा एसके बेहरा, बीज प्रबंधक को सभी समितियों में मांग अनुरूप तिवड़ा, गेंहू, चना, सरसों बीज की भंडारण संबंधी निर्देश दिये गये। डॉ. एस.पी. सिंह, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही जिले में दुग्ध संग्रहण हेतु मिल्क कॉपरेटिव सोसायटी की गठन संबंधी चर्चा की गई। सीमा चंद्रवंशी, उप संचालक उद्यान मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें मछुआ प्रशिक्षण, मत्स्य पालन प्रसार, मत्स्य बीज उत्पादन, स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, किसान क्रेडिट कार्ड, जाल एवं आईस बॉक्स वितरण व अन्य योजना के भौतिक वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया।

#### एकमुश्त भुगतान की रखी मांग

उपाध्यक्ष आशोक साहू ने समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल किसानों को 3217 रूपए भुगतान करने की मांग रखी, वही भुगतान का अधिकार ग्राम पंचायतो को देने की बात रखी। बैठक में लघु एवं सीमांत कृषकों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी गई। बैठक में धान खरीदी की तैयारी, तांदुला जल संसाधन दुर्ग एवं क्रेडा विभाग के विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## आधा दर्जन से अधिक वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कसी कमर

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने निगम व यातायात पुलिस ने कमर कस ली है।

निगम अधिकारी व यातायात पुलिस द्वारा इदिरा मार्केट क्षेत्र में निरीक्षण कर सड़क किनारे लगे दुकानों को हटाया गया। यातायात पुलिस कर्मी द्वारा कुआ चौक के करीब बड़े 8 से 10 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। कार्रवाही के दौरान डीएसपी सतीश ठाकुर, राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक अतिक्रमण प्रभारी योगेश सूरे, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, पुलिस निरीक्षक यशपाल ध्रुव सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारीगण मौजूद रहें। शहर के इंदिरा मार्केट के भीतर त्योहारी सीजन में लोग सड़क पर ही पसरा लगाकर कपड़ा, पूजन सामग्री, जूता, चप्पल सहित अन्य तरह का कारोबार करने वालो को चेतवानी दी गई है। सड़क किनारे बाजार के भीतर लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है और यातायात जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। इसको ध्यान में रखते हुए कार्रवाही की जा रही है।

### कार्यशाला में पहुंचे पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत

## शुल्क देकर तीनों विधायकों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान का दुर्ग में पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत की विशेष उपस्थिति में श्रीगणेश किया गया। इस दौरान जिले भर से पहुंचे अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता अभियान के आवश्यक नियमों और औपचारिकताओं की बारीकियों से अवगत कराया गया।

सर्वप्रथम जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा को मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू की ओर से दिलीप साहू ने, ग्रामीण विकास व ओबीसी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ने और दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव से मंडल अध्यक्ष डॉ. सुनील साहू ने सक्रिय सदस्यता फॉर्म भरवाया, साथ ही सक्रिय सदस्यता शुल्क 500 रुपये जमा




करवाया। इस दौरान विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, सदस्यता अभियान जिला टोली सदस्य रविशंकर सिंह, उषा टावरी, डॉ. मानसी गुलाटी, प्रीतपाल बेलचंदन, नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, कांतिलाल बोथरा मंचस्थ रहे।

#### सौ सदस्य जोड़ने पर होंगे सक्रिय

पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने कहा पार्टी एवं सत्ता में भविष्य में पदाधिकारी बनने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है, ऐसे में जिन कार्यकर्ताओं ने 100 प्राथमिक सदस्य जोड़े हैं, उनकी सूची के साथ निर्धारित प्रपत्र भरकर 500 रुपये का शुल्क देकर सक्रिय सदस्यता का आवेदन जमा कर सकते हैं। सक्रिय सदस्यता शुल्क 500 रुपये में से 100 रुपये भाजपा को ऑनलाइन और पार्टी के प्रादेशिक मुखपत्र दीप कमल हेतु 400 रुपये नगद जमा करना होगा।

#### पांच नवंबर को चस्पा होगी सूची

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि, सक्रिय सदस्यता आवेदन फार्म का परीक्षण प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा नियुक्त जिला समीक्षा समिति करेगी, जिसके संयोजक राजेंद्र कुमार पाध्ये, एवं सदस्य सुरेंद्र कौशिक और दिलीप साहू है, इस समिति द्वारा सक्रिय सदस्यता आवेदन फॉर्म की जांच करने के बाद पात्र पाए गए आवेदकों को सक्रिय सदस्यता प्रदान कर दी जाएगी। स्वीकृत सक्रिय सदस्यों की सूची 5 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की जाएगी।

**लाइव इवेंट**

## सीएससीएस क्रिकेटः प्लेट कंबाइंड ने 228 रन बनाए, राजनांदगांव ने 4 विकेट से जीत लिया मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलीट ग्रुप के अंतर्गत एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव और भिलाई में मैच खेले जा रहे हैं। गुरुवार को बीएसपी खेल मैदान सेक्टर-1 में प्लेट कंबाइंड और राजनांदगांव के बीच मैच खेले गए। मैच राजनांदगांव की टीम ने चार विकेट से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड ने 228 रन बनाए। टीम आल आउट हो गई। वहीं राजनांदगांव की टीम ने जवाब में बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 231 रन बनाया। टीम के कप्तान बालाजी राव ने 130 रन की कप्तानी पारी खेली। एक अन्य मैच धमतरी में सरगुजा और बिलासपुर के बीच खेला गया। बिलासपुर ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। मैच में सरगुजा की टीम 54 रन पर आउट हो गई। बिलासपुर एक विकेट खोकर 57 रन बना लिए।

- अंडर-19 एलीट ग्रुप के एक दिवसीय मैचों का आयोजन, बीएसपी और दुर्ग ने गंवाएं अपने मैच

### प्रदेश के चार जगहों पर खेले जा रहे मैच

प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रदेश के चार जगहों पर मैच खेले जा रहे हैं। इसमें दो अन्य मैचों में एक मैच राजनांदगांव और दूसरा कांकेर में खेला गया। राजनंदगांव में बीएसपी और रायपुर के मध्य मैच हुआ। रायपुर ने यह मैच 80 रन से जीत लिया। रायपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए। बीएसपी के पियूष नेगी ने 5 विकेट लिए। जवाबी बल्लेबाजी में बीएसपी ने 60 रन बनाए। पूरी टीम आउट हो गई। इसी प्रकार न्यू ग्राउंड कांकेर में बीसीए और दुर्ग के बीच मैच खेला गया। बीसीए ने यह मैच 71 रन से जीत लिया। बीसीए ने मैच में आठ विकेट पर 200 रन बनाए। टीम के शिवेंद्र तिवारी ने 82 रन की शानदारी पारी खेली। दुर्ग की टीम 129 रन पर आल आउट हो गई।

**सिटी इवेंट**

## दीक्षा उत्सवः उपासकों ने की त्रिशरण पंचशील और धम्म वंदना



**दुर्ग।** डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर वाचनालय जवाहर नगर में दि बुध्दिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं महिला सशक्तिकरण संघ के संयुक्त तत्वावधान में 68वां धम्म दीक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाक्य मुनि गौतम बुध्द एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय ट्रस्टी एसआर कानडे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद थे। विपश्ना आर्य जेपी बागडे ने उपस्थित उपासक और उपासिकाओं को त्रिशरण पंचशील एवं बुद्ध वंदना, धम्मवंदना, संघ वंदना का पाठ करवाया। इसके बाद उन्होंने गौतम बुद्ध की शिक्षा को विपश्यना के माध्यम से जानने का सूत्र बताया। महिला सशक्तिकरण संघ की अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने बताया कि आज से 68 वर्ष पहले डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की दीक्षाभूमि में भारत कुशीनगर के सबसे वरिष्ठ महास्थविर पूज्य भंन्ते चंद्रमणि से माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के साथ बौद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण की। साथ ही दीक्षाभूमि में अपने 6 लाख अनुयायियों को बौद्ध धम्म की दीक्षा दी। 22 प्रतिज्ञाएं भी दिलवाई।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर वाचलनालय में मना धम्म दीक्षा समारोह

### बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

सभा को शोभा जामुलकर, इंदू ढोक, सुधा डोंगरे ने भी संबोधित किया। कानडे ने बताया कि बाबा साहेब ने अपने जीवन में बहुत सारी धार्मिक एवं सामाजिक विषमताओं को झेला। उन्हें दूर करने का अथक प्रयास भी किया, किंतु वे रूढ़िवादी एवं अंधविश्वासों के प्रति असहाय हुए। उन्होंने अपने जीवन में कई सत्याग्रह किया। गौतम बुद्ध ने अपने आप को कभी ईश्वर का अवतार नहीं माना। अपने आप को मोक्ष दाता होने का दावा नहीं किया। कार्यक्रम में सुधा डोंगरे, शोभा जामुलकर, रंजना वालवानदरे, नूतन पाखिडे, प्रमिला राउत, वंदना घरडे सहित अन्य मौजूद थे।

## पंडितों का मत 31 अक्टूबर को ही मनेगी दीपावली

**भिलाई।** इस वर्ष दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा। इसे लेकर देशभर के पंडितों ने एकराय होकर सभी हिंदुओं से 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाए जाने की अपील की है। राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामपाल शास्त्री, काशी अखिल भारतीय विद्या परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कामेश्वर उपाध्याय, अखिल भारतीय विद्या परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने इसे लेकर संयुक्त बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारे इस सर्वसम्मत निर्णय के उपरांत पूरे देश में किसी भी प्रकार के भ्रम या संशय की स्थिति नहीं रहेगी। 31 अक्टूबर दिन गुरुवार को प्रदेषकाल से मध्य रात्रि व्यापिनी कार्तिक अमावस्या लक्ष्मी पूजन करना शास्त्र सम्मत होगा। इसके अलावा किसी अन्य दिन लक्ष्मी पूजन शास्त्र सम्मत नहीं माना जा सकता। इसलिए सभी हिंदू इस दिन को ध्यान रखकर दीवावली का उत्सव मनाएं।

● सुहागिन महिलाएं रविवार को करवाचौथ पर रखेंगी व्रत, बाजारों में बढ़ी रौनक

# करवाचौथ पर ट्रेडिशनल सिल्क साड़ी महिलाओं की पहली पसंद, पार्लर में नो मेकअप लुक व कस्टमाइज्ड हेयर स्किन केयर ऑन डिमांड

करवाचौथ पर्व के नजदीक आते ही महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं बाजारों में जमकर खरीदारी कर रही है। सुहागिन महिलाओं का पसंदीदा पर्व करवाचौथ 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। अपने पति के लंबी उमर व उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए रखे जाने वाले व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह रहता है। महिलाएं इस व्रत के दिन सुबह सरगी के साथ व्रत प्रारंभ कर दिन भर निर्जला व्रत रखकर शाम को चंद्र दर्शन कर व्रत का पारण करती है।



- पार्लर में मेकअप के लिए हो रही है प्री बुकिंग।
- फैंसी ज्वैलरी शॉप में पंजाबी कड़े व हैदराबादी ज्वैलरी महिलाओं की पहली पसंद।

**भिलाई।** इस दिन सोलह श्रृंगार के साथ महिलाएं खुद को सबसे खूबसूरत दिखाने के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाहती है। जिसके लिए पार्लर से लेकर बुटिक एवं फैंसी ज्वैलरी शॉप से लेकर पूजा पाठ के दुकानों में भीड़ लगी हुई है। पार्लर में इस बार नो मेकअप लुक और कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर साथ ही बुटिक में ट्रेडिशनल सिल्क साड़ी व एथनिक ज्वैलरी ऑन डिमांड है। आजकल यह व्रत पूरे तरह से फैंसी और महिलाओं के लिए तैयार होने का मौका हो गया है। इस दिन सबसे खास दिखने के लिए महिलाएं हाथों में मेंहदी लगाकर पार्लर में तैयार होने पहले से ही एडवांस देकर प्री बुकिंग करा ली है।

### पंजाबी चूड़े व पाटला कड़े है ऑन डिमांड

सेक्टर 6 ए मार्केट निखार फैंसी स्टोर के संचालक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि करवाचौथ पर इस बार पंजाबी चुड़े, पाटला कड़ा व कुंदन की चुड़ीयां व कड़े ऑन डिमांड है। साथ ही हैदराबादी कुंदन चुड़ियां, ब्लैक मेटल, घुंघरु वाले कंगन, कलर फुल मेटल नेकलेस, आक्सीडाईज व एंटीक ज्वैलरी काफी ट्रेंड में है। लेकिन तीज व करवाचौथ जैसे विशेष पर्व व त्यौहारों में रोज गोल्ड, एडी ज्वैलरी सेट, कुंदन व अमेरिकन ज्वैलरी सेट की काफी डिमांड है।

### कस्टमाइज्ड हेयर व स्किन केयर की डिमांड ज्यादा

अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर की संचालिका अनू सिंह ने बताया कि करवाचौथ के लिए महिलाओं में उत्साह हमेशा से रहा है। बीते कुछ साल पहले तक महिलाएं घर पर ही तैयार होती थी और नई नवेली बहुए पार्लर में हैवी मेकअप कराने आती थी।



लेकिन इस बार दो पेटर्न ऑन डिमांडिंग है पहला नो मेकअप लुक यानी ऐसा मेकअप जो फेस पर अच्छे से किया भी जाय और लाउड मेकअप दिखे भी न। दूसरा कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर जिसमें पर्टीकुलर एक ब्रांड के ही नही बल्कि क्लाइंट के स्कीन व हेयर टाइप के अनुसार विभिन्न कंपनी के प्रोडक्ट प्रयोग किये जाते है जिसका रिजल्ट काफी अच्छा आता है इसलिए महिलाओं में नो मेकअप लुक और कस्टमाइज्ड हेयर एंड स्कीन केयर की डिमांड है।

### महिलाओ को लुभा रही सिल्क साड़ी व एथनिक ज्वैलरी



श्री सज्या बुटिक की संचालिका संजना कुकरेजा ने बताया कि पंजाब सहित उत्तर भारतीय महिलाओं का प्रिय पर्व करवाचौथ अब लगभग सभी कास्ट की सुहागिने अपनी पति की दीर्घायु की कामना के साथ रखने लगी है। दो साल पहले तक करवाचौथ पर महिलाएं इंडो वेस्टर्न व फैशनेबल ड्रेस कैरी करती थी लेकिन इस बार महिलाओं की पंसद एक बार फिर से पूरी तरह ट्रेडिशनल लुक बन गया है जिसके लिए इस बार ट्रेडिशनल साड़ियों में खासकर सिल्क व रेडी टू वियर साड़ी के साथ महिलाएं एथनिक ज्वैलरी की काफी डिमांड कर रही है।



## मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर किया भजन, सामूहिक रास पर थिरकीं महिलाएं

**भिलाई।** नवीन उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल ने तलमले निवास में महाराष्ट्र की परंपरानुसार के अनुसार मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर भजन संध्या का आयोजन किया। पूजा अर्चना कर महिलाओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ सामूहिक रास नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर फूलों की रंगोली प्रतियोगिता रखी गई, जिसकी निर्णायिका धन्वंतरि स्कूल की प्राचार्या किरण सिंदूपेजी थीं। मण्डल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि हर वर्ष की तरह शरद पूर्णिमा के अवसर पर मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर दूध की खीर माता को अर्पण की जाती है। इस दौरान दशहरा मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाता है। आयोजन में एक-दूसरे को सोन पत्ती देकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य माला बुलबुले का सराहनीय कार्य के लिए सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने उन्हें शॉल और श्रीफल सौंपा।

- नवीन उज्जवल महिला महाराष्ट्र मंडल ने मनाया शारदा उत्सव



आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम किरण शिरेकर, द्वितीय नंदा पांडेय, तृतीय ऊषा तलमले रहीं। सांत्वना पुरुस्कार सुषमा ठोसर, वीणा देशपांडे, संध्या कपासे ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश, नीलिमा चिंदालोरे, अर्चना नखाते, संगीता मिश्रा, सुनंदा राजूरकर, स्नेहा शीरेकर, सुषमा ठोसर सहित अन्य मौजूद थे।

## चौरसिया समाज के अध्यक्ष निर्वाचित हुए दिनेश, हरिप्रसाद और राधेश्याम उपाध्यक्ष

**भिलाई।** 3अखिल भारतीय चौरसिया महासभा का अध्यक्ष दिनेश चौरसिया चयनित हुए हैं। चुनाव में उन्हें मनोनित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के प्रमुख लिर्धन प्रसाद चौरसिया, गिरीश चौरसिया थे। उन्होंने सर्वसम्मति से चौरसिया समाज कल्याण एवं विकास समिति भिलाई के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराया। उनके अलावा हरिप्रसाद चौरसिया एवं राधेश्याम जायसवाल को उपाध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने समाज के लिए कार्य करने एवं समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जयराम चौरसिया ने किया। आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष जयराम चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार चौरसिया, महासचिव दिनेश चौरसिया, सुरेंद्र कुमार, दीपक, हरिप्रसाद, राजेश, उमेश, अनिल चौरसिया, महिला विंग से अवनी चौरसिया, राधा, आभा, गायत्री, स्वर्णलता, जागृति सहित अन्य मौजूद थे।



**कार्नर न्यूज**

### देवांगन जन कल्याण समिति ने सुरमई गीत संगीत संध्या का किया आयोजन

## 20 गायक-गायिकाओं ने चांद और चांदनी पर गीत गाकर समां बांधा, श्रोताओं की खूब लूटी वाहवाही

**भिलाई।** चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम, आ जा सनम मधुर चांदनी में हम, आधा है चंद्रमा रात आधी, आओ तुम्हें चांद पे ले जाएं, चांद सी मेहबूबा हो, चांद जैसे मुखड़े पे बिंदिया सितारा,,,, चांद और चांदनी पर आधारित इन मधुर गीतों की प्रस्तुति रिसाली में शरद पूर्णिमा पर आयोजित संगीत संध्या के दौरान दी गई।इन गीतों ने चांदनी रात में बैठे श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।

देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर सुरमई गीत संगीत संध्या का आयोजन परमेश्वरी मंदिर प्रांगण प्रगति नगर रिसाली भिलाई में संपन्न हुआ। देवांगन समाज के 20 गायक गायिकाओं ने चांद और चांदनी पर केन्द्रित खुमधुर गीत गाकर समां बांधा। जिसका दर्शकों ने देर रात तक आनंद लिया। इस बीच शरद पूर्णिमा की पवित्र खीर का वितरण भी उपस्थित लोगों के बीच किया गया।

इस अवसर पर देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए सभी गायक गायिकाओं को बेहतरीन प्रस्तुति हेतु बधाई दी। उन्होंने समाज के हर एक छिपी हुई प्रतिभा को आगे आकर अपनी प्रतिभा एवं हुनर दिखाने की बातें कही।

**शरद पूर्णिमा का बताया पौराणिक महत्व**



समारोह में विशेष रूप से उपस्थित डॉ महेश चंद्र शर्मा ने इस तरह के समसामयिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देवांगन समाज प्रतिभा संपन्न है। उन्होंने देवांगन समाज द्वारा प्रतिभाओं को नियमित मंच उपलब्ध कराने के प्रयासों को सराहा। उन्होंने शरद पूर्णिमा के पौराणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आरंभ में समिति द्वारा अतिथियों का सम्मान कर समाज की पत्रिका आवरण की प्रतियां भेंट की गई। इस अवसर पर भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महासचिव गजानंद साहू, डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा, जयती साहू, अर्चना मूले, मन्ना वासनकर, छाया विश्वकर्मा, बी के सराफ, छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, डॉ. सूर्यमंगल देवांगन, डॉ गोपाल देवांगन, डॉ लता देवांगन, श्रीमती सुमन देवांगन, प्रभा देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, शीला देवांगन, टेसू राम देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, गोवर्धन देवांगन, सत्येन्द्र राजापूजिया आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। आयोजन स्थल पर स्व सहायता समूह की प्रभारी गायत्री देवांगन के द्वारा बड़ी, बिजौरी, पापड़, मोमबत्ती, सहित गोबर के दियों का स्टॉल लगाया गया था।

### गायक-गायिकाओं ने दी प्रस्तुति

इस अवसर पर प्रस्तुत गीतों में चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम, आ जा सनम मधुर चांदनी में हम, चांद को क्या मालूम, चांद से पर्दा कीजिए, चंदा ओ चंदा, आधा है चंद्रमा रात आधी, चांद आहें भरेगा, आओ तुम्हें चांद पे ले जाएं, चांद सी मेहबूबा हो, चांद जैसे मुखड़े पे बिंदिया सितारा जैसे गीतों ने श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। जिसे गायक लक्ष्मीनाथ देवांगन, राजू देवांगन, कन्हैया देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, शांतिलाल देवांगन, हरीश देवांगन, शिव देवांगन, मिनेश देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, जुगल किशोर देवांगन, दिनेश देवांगन, प्रकाश देवांगन तथा गायिका सुमित्रा देवांगन, विनीता देवांगन, चंद्र प्रभा देवांगन, सरिता देवांगन, युक्ती देवांगन एवं अभिलाषा देवांगन ने चांद एवं चांदनी पर केन्द्रित एक से बढ़कर एक खूबसूरत गीत प्रस्तुत किया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन घनश्याम कुमार देवांगन ने किया।

## सिटी इवेंट

# लघु उद्योग भारती की बैठक व उद्यमियों का सम्मेलन आज



**भिलाई।** लघु उद्योग भारती की क्षेत्रीय वार्षिक बैठक का आयोजन आज सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अग्रसेन भवन नया खुर्सीपार भिलाई आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय सहित अन्य मंत्री शिरकत करेंगे। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों में अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, कोषाध्यक्ष समीर मुंदरा, मध्यप्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री अरुण सोनी, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य छग पुरुषोत्तम पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंघानिया, महामंत्री सीपी दुबे मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर दोपहर 2 से 3 बजे तक उद्यमियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें एमएसएमई रायपुर के प्रमुख अधिकारियों के साथ ही डीआईसी, जेम और पोस्ट ऑफिस एक्सपोर्ट डिवीजन के विशिष्ट अतिथियों का भी सम्मेलन होगा। समारोह के अंतिम सत्र में छग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उद्यमियों का सम्मेलन होगा। जिसमें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका सीपी दुबे दुर्ग, सहसंयोजक दीपक उपाध्याय बालोद), योगेश पटेल रायपुर और कैलाश चंद्रवंशी कबीरधाम उपस्थित रहेंगे। कमल शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से बहुत से उद्यमी सम्मिलित होंगे। प्रमुख ज़िला दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, बेमेतरा, बालोद, भाटापारा , कोरबा, धमतरी, महासमुन्द ,कबीरधाम, जांजगीर चांपा,अम्बिकापुर, जशपुर, बस्तर आदि स्थानों से लोग शामिल होंगे।

■ अग्रसेन भवन खुर्सीपार में दोपहर 1 बजे से आयोजन

## एजुकेशन लाइव

# अर्थशास्त्र विषय पर 30 घंटे के सर्टिफिकेट कार्यक्रम का उद्घाटन



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग ने सिविल सेवा उम्मीदवारों के लिए अर्थशास्त्र विषय पर तीस घंटे के सर्टिफिकेट कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। सत्र के मुख्य अतिथि दिग्विजय कुमार सहायक रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग थे। इस अवसर पर प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पीएस वर्गीस और प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन ने सत्र के अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रशासक रेवरेंट फादर. डॉ. पी एस वर्गीस ने विभाग के प्रयासों की सराहना की और उम्मीदवारों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। भूमिका साहू बीए प्रथम वर्ष की अभ्यर्थी ने वक्ता के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। इसके अलावा भारत की अर्थव्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

■ सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सर्टिफिकेट कार्यक्रम की शुरुआत

### भारतीय अर्थव्यवस्था को समझना जरूरी

मुख्य अतिथि दिग्विजय कुमार ने अर्थशास्त्र विभाग द्वारा शुरू किए गए सर्टिफिकेट कार्यक्रम की प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी सिविल सेवाओं में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था और इसकी कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझना चाहिए, उन्हें अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए और खुद को इसके प्रति समर्पित करना चाहिए। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था पर रमेश सिंह द्वारा लिखित, लाल और लाल जैसे कुछ पुस्तकों का भी सुझाव दिया। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और सभी युवा उम्मीदवारों से मिलकर खुशी महसूस की। सत्र बहुत ही संवादात्मक था और अंतिम प्रश्न सत्र को अतिथि द्वारा संबोधित किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने किया। कार्यक्रम का समापन अपर्णा दत्ता सहायक प्राध्यापक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के सभी प्राध्यापक एवं छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## समाज इवेंट

# पीसेगांव में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों को मिला लाभ




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय और भारती चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय दुर्ग द्वारा गोदग्राम पीसेगांव पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के संयुक्त संचालक जय चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अजय बंजारे तथा डॉ. दीपमाला बंजारे द्वारा ग्रामवासियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण अपनी मेडिकल टीम द्वारा किया गया। जूनियर डॉक्टर्स की टीम ने गांव में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया तथा सहायता युक्त मरीजों को शिविर स्थल तक लाकर उनका निःशुल्क उपचार कराया एवं निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा विगत कई महीनों से गोदग्रामों में लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर का आयोजन सेवाभाव से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पीसेगांव सरपंच गुलाब बांधे के संरक्षण में शिविर का आयोजन संपन्न हुआ तथा सरपंच ने शिविर की सराहना की और इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की अभिनव एवं कल्याणकारी पहल बताते हुए ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य लाभ के लिए बहुत उपयोगी बताया। गोदग्रामों से आए हुए मरीजों का जिन्हें चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज करने या लंबे समय तक इलाज की आवश्यकता है उन्हें भारती चिकित्सा महाविद्यालय तथा चिकित्सालय द्वारा न्यूनतम दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने की पहल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई है। शिविर का संयोजन राष्ट्रीय संयोजक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने किया।

## नृत्यधाम कला समिति के आयोजन में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

# क्लासिकल डांस, संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग में 200 बच्चों ने दिखाया हुनर








**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित देश राग ओपन राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के पांचवें दिन करीब 200 बच्चों ने प्रस्तुति दी। इनमें करीब 80 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि आयोजन के पांचवें दिन एसएनजी विद्या भवन सेक्टर-4 भिलाई और सुराना कॉलेज दुर्ग में 200 बच्चें ने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम की प्रस्तुति दी। निर्णायक दल में शामिल जॉनसन, चैतन्य बोरकर, युवराज और रजनी मेनन द्वारा दिए गए अंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले 80 बच्चों को प्रशस्ती पत्र और मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों द्वारा कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति के बाद भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गुंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागी सहित उनके पेरेन्ट्स मौजूद थे।

### 21 अक्टूबर तक हो रहा आयोजन, देशभर से प्रतिभागी जुट रहे

नृत्यधाम कला समिति द्वारा देश राग ओपन राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसमें शामिल होने देश के विभिन्न हिस्सों से प्रस्तुति देने बच्चे अपने परिजनों के साथ भिलाई पहुंचे हुए है। जानकारी के मुताबिक 1 हजार से ज्यादा प्रतिभागी आयोजन में भाग ले रहे हैं। आयोजन को लेकर कलाकारों का पहले पंजीयन कराया गया। पंजीयन के आधार पर प्रस्तुति की तारीख तय की गई। उन्हें आयोजन में आमंत्रित किया गया।

### 80 कलाकार ने जीते इनाम




डॉ. राय ने बताया कि 13 अक्टूबर से डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दुर्ग-भिलाई में दो केंद्र बनाए गए है। 22 अक्टूबर तक प्रतियोगिता आयोजन होना है। प्रतिदिन सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक बाहर से आने वाले कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है।

### असफलता से न हो निराश, प्रयास जारी रखें: डॉ. रॉय

पुरस्कार नहीं पाने से कई बच्चे उदास नजर आए। ऐसे में नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने उन्हें और मेहनत की बात कही। डॉ. राखी रॉय ने प्रतिभागियों ने कहा कि जीवन में असफलता के बिना कभी सफलता नहीं मिलती। जीवन में सफल होने के लिए असफलताओं को सही तरीके से हैंडल करना सीखें। एक नई एनर्जी के साथ आगे बढ़ने के लिए खुद को मोटिवेट करें। असफलता आपको सफल होने के हजारों रास्ते दिखाती है। हर सफल आदमी कभी न कभी असफलता का सामना कर चुका होता है। अगर आपने जिंदगी में कभी असफलता नहीं देखी तो समझिए कि आपने सही मायने में सफलता नहीं देखी। आप कई असफलताओं के बाद भी सफलता के दरवाजे खोल सकते हैं।

## रूंगटा कॉलेज में एक्सपर्ट दे रहे सलाह

# ऑर्थोडोंटिक जागरुकता सप्ताहः रंगोली और फैंसी ड्रेस स्पर्धा के जरिए दिया संदेश

**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में ऑर्थोडोंटिक्स और डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग



द्वारा राष्ट्रीय ऑर्थोडोंटिक्स जागरूकता सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑर्थोडोंटिक्स के बारे में लोगों की समझ को बढ़ाना और मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना था। पूरे सप्ताह के दौरान विभाग ने आम जनता के बीच ऑर्थोडोंटिक उपचारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कई आकर्षक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। उत्सव के दौरान निशुल्क ऑर्थोडोंटिक परामर्श दिया गया। जिससे रोगियों को उनके विकल्पों के बारे में जानने और ऑर्थोडोंटिक्स के बारे में आम गलतफहमियों को दूर करने का मौका मिला। रचनात्मकता और मौज मस्ती की भावना से विभाग ने स्नातक छात्रों के लिए क्रिएटिव वायर बेंडिंग और रंगोली प्रतियोगिता के साथ सप्ताह की शुरुआत की। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को ऑर्थोडॉन्टिक्स के सिद्धांतों को बढ़ावा देते हुए अपने कलात्मक कौशल को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। सप्ताह के समापन समारोह में ऑर्थोडॉन्टिक एलिगेंस थीम पर रोमांचक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने ऑर्थोडॉन्टिक्स और दंत स्वास्थ्य से प्रेरित अभिनव वेशभूषा का प्रदर्शन किया, जिससे ऑर्थोडॉन्टिक देखभाल के महत्व को बताने का प्रभावशाली तरीका रहा। कार्यक्रम का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं के टॉपर्स और विजेताओं की पहचान के साथ हुआ। समारोह में संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन संजय रूंगटा, डीन डॉ. कार्तिक कृष्ण एम और वाइस डीन डॉ. फातिमा खान की उपस्थिति में मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने में संस्थान की पहल के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित गांधी ने संकाय और स्नातकोत्तर छात्रों के सहयोग आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ऑर्थोडोंटिक्स जागरूकता सप्ताह उपचारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च दवरा समुदाय को अपने मौखिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है।

**लोगों को मिली जानकारी**

## केलाबाड़ी में आयोजन

# दुर्ग गरबा नाइट में प्रस्तुतियां विजेताओं ने जीते कई पुरस्कार



**यूथ हॉस्टल्स भिलाई और रानी लक्ष्मी बाई दुर्गोत्सव समिति दुर्ग का संयुक्त आयोजन गरबा नाइट**

**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई एवं रानी लक्ष्मी बाई दुर्गोत्सव समिति केलाबाड़ी दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में गरबा नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालुगण आदिशक्ति की उपासना और श्रद्धा भक्ति में लीन आस्था और उत्साह से भाग लिये। लगातार तीन रातों तक आयोजित इस संयुक्त गरबा नाइट में अलग अलग वर्गों एवं विधाओं में प्रतिस्पर्धाएं हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया छत्तीसगढ़ के सचिव एवं भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस आयोजन के लिए श्रद्धालुओं में अपूर्व उत्साह देखा गया । सभी आयु वर्ग के स्त्री पुरुष बच्चों ने गरबा नाइट में उफस्थिति दर्ज कराई। सुराना कॉलेज मैदान दुर्ग में रात नौ बजे से आयोजित गरबा नवरात्रि में भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के समूह ग्रुप ए में प्रथम काव्या, द्वितीय आद्या एवं तृतीय स्थान पर तन्वी रही। डांस स्टेप और देवर्षि ओव्हर ऑल ड्रेस में अर्जुन प्रथम रहा। ग्रुप बी जूनियर समूह में गरबा में समृद्धि प्रथम, मुक्ति द्वितीय और ज्योति यादव तृतीय स्थान पर रही। राशि यादव डांस स्टेप में और प्रिशा टिकरिया ओव्हर ऑल ड्रेस में प्रथम स्थान पर रही। यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई के सचिव सुबोध देवांगन ने बताया कि ग्रुप सी सीनियर समूह से गरबा में देविका प्रथम, सानिक द्वितीय एवं अनमोल गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। डांस स्टेप में आकांक्षा एवं अर्चना साहू ओव्हर ऑल ड्रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गरबा में मथुरा बाई को विशेष पुरस्कार दिया गया । इस आयोजन में रोशनी, स्नेहा, ऋतु मानिकपुरी, नव्या साहू, पीयूष कुमार, शिवानी, जीतेश्वरी, श्रेया, नीलम, श्रुति और क्षमा साहू को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई से के.सिन्धु, के.स्तुति, शैलेन्द्र शर्मा, अलका शर्मा, रिषभ शर्मा, रिया शर्मा, मुकेश वर्मा, कामना वर्मा, हर्षिता वर्मा, बी.समीर, पुष्पलता वर्मा, मृणाल पिल्लई, दिव्या राव, सृजन, अंजना, मिनी, आदित्य, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष साहू, सचिव कुलदीप साहू आदि मौजूद थे।

## कॉलेज के स्ट्रो क्लब का आयोजन, दुर्ग के विद्यार्थियों को किया मंत्रमुग्ध

# शरद पूर्णिमा के दिन बीआईटी के स्टूडेंट्स ने टेलिस्कोप के जरिए देखा आसमान में पूरा चांद

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** बीआईटी के छात्रों ने अत्यधिक उत्साह के साथ सुपरमून को देखने के लिए कॉलेज के एस्ट्रो क्लब द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन कॉलेज के बास्केटबॉल मैदान में किया गया, जो तारों को निहारने के लिए एक उपयुक्त स्थान था। जैसे ही सूर्य अस्त हुआ और आकाश गहरा होने लगा, छात्र इस खगोलीय चमत्कार को देखने के लिए स्थल पर पहुंचने लगे। क्लब के सदस्यों ने कई दूरबीन लगाई थी। इससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर किसी को सुपरमून को देखने का मौका मिले। शाम की शुरुआत में एस्ट्रो क्लब के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. सीएस रॉबिन्सन और क्लब की मुख्य टीम ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। सुपरमून के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि यह घटना तब होती है, जब चंद्रमा अपनी कक्षा में पृथ्वी के सबसे निकट होता है, जिससे यह आकार में बड़ा और अधिक चमकीला दिखाई देता है।





### बुजुर्ग ने शरद पूर्णिमा पर रंगारंग कार्यक्रम का किया आयोजन

ज्येष्ठ नागरिक संघ के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय आशीर्वाद भवन में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने इस कार्यक्रम का आनंद उठाया।इस अवसर पर सभी को खीर पूड़ी वितरित की गई। अध्यक्ष डॉ. देव मांडरिक ने कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम प्रति वर्ष शरद पूर्णिमा संघ के सदस्यों के साथ बड़े उत्साह से मनाते हैं। संघ के वरिष्ठतम सदस्य गाना गाकर, कविता पाठ कर फ़िल्मी गानों में झूमकर शरद पूर्णिमा त्यौहार को उत्साह पूर्वक मनाते हैं। आपने कहा कि संघ द्वारा हर त्यौहार में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लालचंद जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंग, सचिव सीएस पांडे, साहेब सिंग, अजय जाधव, शंभू अग्रवाल, राजेश महाडिक, चंद्रिका चंद्राकर, विजय गजवानी, श्याम लाल साहू, संतोष खरे, राम भाऊ नौकरकार, शोभा अरोरा, सुधा दुबे, जयश्री मांडरिक, अलका शर्मा, अर्चना तिवारी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### शासकीय प्राथमिक शाला प्रबंध समिति गठित

**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर प्रबंधन समिति का गठन प्रधानपाठक टुकेंद्र कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन हुआ। जिसमें यमुना ठाकुर अध्यक्ष, रमेश यादव उपाध्यक्ष, शैलेन्द्री मंडावी सांसद प्रतिनिधि, किवेश चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, मीना साहू शिक्षा प्रतिनिधि, लोमस साहू पंच, पुष्पा देवांगन सदस्य, नन्दनी पटेल, धरती बाई, धनेश्वरी धीवर, लोमेश धीवर सहित संतोष ठाकुर, हरीश साहू, टोकेंद्र कुमार, टुकेन्द्र सिंह ठाकुर संयोजक, मुकेश शुक्ला संरक्षक शामिल किए गए।इस अवसर पर संकुल समन्वयक रूपेश साहू उपस्थित रहे।

### कजाकिस्तान जायेंगे छग राज्य ग्रामीण बैंक प्रबंधक राय

**निकुम।** छग राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एमई राय लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंकिक से जोड़कर कई लोगों के



जीवन में जीने की आशा की किरण जगाकर स्वरोजगार कर आत्मसम्मान से जीवन जी रहे हैं। गौर हो कि ग्रामीणों, मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंक से मिलने वाली सुविधा लाभ की जानकारी देकर बेहतर पहल किया। निकुम, जामगांव, चंदखुरी, पिनकापार से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर काम किया। वहीं दुर्ग में केयर हेल्थ इंश्योरेंश में बेहतर कार्य करने के कारण विदेश कजाकिस्तान 21 अक्टूबर को जायेंगे।

### प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंदः केशव बंटी

**अंडा।** बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस नेता एवं उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल के केशव बंटी हरमुख ने कहा है कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह निरंकुश शासन हो चुकी है। पूरे छत्तीसगढ़ में



अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन एक नए वरदात को बेख़ौफ़ अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों के जहन से शासन प्रशासन का खौफ बिल्कुल भी नहीं है। वर्तमान में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ की आम जनता मंहगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है। ऐसे प्रतीत हो रहा कि महतारी वंदन जैसे योजना का पैसा सरकार महंगाई बढ़ाकर आम जनता से वसूल कर रही है। यदि यही हाल रहा तो छत्तीसगढ़ की जनता रोड़ पर निकल सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

## निधन

### स्यामलाल चन्द्राकर

**भिलाई।** पाटन ब्लाक के ग्राम औरी निवासी वरिष्ठ स्वयं सेवक



स्यामलाल चन्द्राकर उम्र 78 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम सस्कार 17 अक्टूबर को औरी मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा नेत्री निरूपमा चन्द्राकर के पति व राजू चन्द्राकर के पिता और सांसद प्रतिनिधि पप्पू चन्द्राकर के चाचा थे।

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.-202410102700010/अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रताप साहू पिता स्व. पिरीत साहू, निवासी ग्राम पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ०ग० द्वारा ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 748, 846, रकबा क्रमश: 0.14, 0.05 हे. जोकि आवेदक प्रताप साहू पिता पिरीत व अन्य 02 के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदकगण के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 29.10.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## सेलूद में ब्लॉक स्तरीय महिला खेलकूद का हुआ शुभारंभ

# खेल की व्यक्ति के समग्र विकास व हमारे दैनिक जीवन में है महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

सेजस सेलूद स्कूल मैदान में बुधवार को विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, सरपंच खेमीन साहू, प्राचार्य एनपी देशकर, एमबी बंजारे, रमेश देवांगन, कृष्ण कुमार साहू, सीता बंछोर, किशन हिरवानी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने कहा खेल और खेल किसी व्यक्ति के समग्र विकास और विकास के लिए आवश्यक हैं। यह हमारे जीवन में हमारी मदद करता है और हमारी दैनिक दिनचर्या में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने में बेहद मददगार हैं। खेल के माध्यम से आप सब अपने भविष्य को

**आज होगी जिला स्तरीय महिला खेलकूद**



उज्जवल कर रहे हैं। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। महिला खेलकूद प्रतियोगिता के 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 100 मीटर दौड़ में प्रथम भावना यादव अरसनारा, 400 मीटर में प्रथम मुस्कान ठाकुर अरसनारा, तवा फेंक प्रथम तनुजा साहू बेलौदी, खो-खो में प्रथम झीट, रस्साकसी प्रथम सेलूद, वालीबाल प्रथम सेलूद, वेटलिफ्टिंग 40 किग्रा में रेशम साहू एवं 45 किग्रा में प्रथम विनीता पारकर रही। इसी तरह 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम किरण साहू कोपडीह, 400 मीटर में तोशिका ग्राम झीट, तवा फेंक नम्रता साहू सेलूद, रस्साकसी में झीट, वेटलिफ्टिंग 45 किग्रा में काजल एवं 49 किग्रा में मौशमी प्रथम स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय महिला खेल में प्रतिभागी होंगे।

मंच संचालन संतोष यादव ने आभार प्रदर्शन विकासखंड क्रीडा अधिकारी शकीला देवदास ने की। इस मौके पर पोखन साहू, जयंत वर्मा, निशा सोनी, नरेश साहू, बालाराम साहू, संजय निषाद, सुलेन साहू, टिकेश साहू, ललित साहू, जयश्री बेंद्रे, उषा श्रृंगे सहित अन्य उपस्थित थे।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में शांति, सद्भाव और एकता का प्रसार करें: ललित



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत मरोदा टैंक व नेवई बस्ती वार्ड 33 और 34 में स्थित माँ नारायणी शीतला मंदिर एवं आदर्श दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस पावन अवसर पर प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज में धर्म, सत्य और सदाचार का संदेश प रसारित किया।

■ दशहरा उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

प्रदेशवासियों को विजया दशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए, सभी से आग्रह किया कि वे इस अवसर पर पूर्व सहकारी मर्यादित बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, महामंत्री राजू जंघेल, मंत्री अनुपम साहू, अध्यक्ष कमलसिंह यादव, पूनारद ढीमर, गोवर्धन देशमुख, नरोत्तम सपहा, रानू धनकर, रामाधर रिगरी, नन्द कुमार बेलचंदन, सोरब राम साहू, भूपेन्द्र बेलचंदन, मनाराम, भागवत यदु, परमेश्वर, रविराम यादव, मंत्री अनुपम साहू, अजीत चौधरी, पार्षद विधि यादव, उपाध्यक्ष अंजु लाल देशमुख, अश्वनी बनपाल, पूनमचंद सपहा एवं बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

# कबाड़ का जुगाड़ कर बनाया मिसाइल और बारूद टैंक का मॉडल इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



पाटन नगर के राधे यादव का आया बुलावा मुख्यमंत्री के जिला क्षेत्र के नगर पंचायत में दिखाएंगे अपने हाथो की कला। उन्होने एक बार फिर किया नाम रौशन। वार्ड 6 के बाबू बगीचा के रहने वाले राधे यादव ने अपने हाथों के कला से बनाये इशरो का मिसाईल और बारूद टैंक का मॉडल इंजन स्वच्छ भारत मिशन के तहत उतई नगर पंचयात के सीएमओ राजेन्द्र नायक, पीआईओ योगेश भोई, स्वछता प्रभारी सहयोग से पाटन नगर के राधे यादव ने अपने टीम के साथ मिसाईल और बारूद टैंक का इंजन तैयार किया। राधे ने बचपन से ही कला के क्षेत्र में माहिर थे वे स्कूल के समय मे विभिन्न प्रकार के वरिष्ठजनों से ईनाम भी पाया। वे कला जगत में पाटन, उतई, अहिवारा, रिसाली जैसे नगर पंचायत का मान बढाया है। आपको बता दे कि राधे यादव के द्वारा कबाड़ के सामान से मिशाईल और बारूद टैंक तोप का निर्माण किया। राधे यादव छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत मे भी आर्ट डारेक्टर एवं मैकअप मेन के रूप में भी अपनी दायित्व निभाते हैं। वे बहुत से छत्तीसगढ़ी फिल्मो में अपना मुकाम हासिल किये हैं वे कबाड़ के सामानों से स्वच्छता का संदेश किया और कबाड़ के समान से इसरो रॉकेट और बारूद टैंक का इंजन तैयार किया और कबाड़ से बने ईंजन को इशरो रॉकेट ब्रह्मोस के नाम भी दिया। राधे के कला को पाटन नगर में और अन्य जगहों पर नाम रोशन किया है। नगर बीजेपी अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने राधे यादव के कला को सहरानीय प्रदान किया। होरीलाल ने बताया कि राधे यादव के द्वारा बनाया गया कबाड़ के समानों से रॉकेट जैसे इंजन को बहुत ही अच्छी कलाकारी के संदेश देते हुवे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छता का संदेश दिया है उनके सांथ राधे यादव के टीम भी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभाई।

राधे यादव ने बताया कि मैंने पाटन नगर पंचायत में कबाड़ के समनो से रेल इंजन तैयार किया था तब से विभिन्न जगहों से राधे यादव के पास लोगो का बुलावा आने लगा अब राधे यादव मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जाकर अपने हाथों के कला को दिखाने को तैयार है।

नगर के बीजेपी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने राधे यादव के कला को एक मिसाल कायम रखने को किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सीएमओ राजेन्द्र स्वच्छता प्रभारी डिकेश साहू के अनुसंशा पर सोनू देवांगन, ईश्वर, मिथलेश, वागेश, प्रदीप, राधे यादव के टीम के लोग रही उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### स्काई स्कूल में हुई महिला स्वास्थ्य पर कार्यशाला



**धमधा।** धमधा सीबीएससी से संबंधित स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा में महिलाओं की प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दुर्ग की प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ. मानसी गुलाटी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. मानसी गुलाटी ने स्कूल की छात्राओं से बातचीत कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिये। महिला विद्यार्थियों के व्यतिगत प्रश्नों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही छात्रों को स्वास्थ्य एवं अच्छे रहन सहन की जानकारी प्रदान करते हुए वर्तमान समय में हो रही विभिन्न बीमारियों से बचने व उन बीमारियों से दूर रहने के उपाय सुझाये। इस कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। शालेय परिवार की ओर से सुनीता जैन चेयरपर्सन व प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य ने अतिथि चिकित्सक डॉ. गुलाटी का स्वागत करते हुए सम्मान किया। स्कूल की अकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य डॉ. माया भट्टाचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए इस स्वास्थ्य कार्यशाला का लाभ विद्यार्थियों को लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया। साथ ही विवेक वर्मा, विजयलक्ष्मी तिवारी, इन्द्रजीत सिन्हा, रमेश सोनकर, बालू सोनी ने सहयोग किया।

■ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए डॉ. मानसी ने किया प्रेरित

### सुरपा में चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू के नेतृत्व में सुरपा में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान सुरपा बाजार सहित चौक-चौराहों ने लोगों से भेंटकर सदस्य बनाए गए। सुरपा के इस अभियान में युवा शक्ति नरेंद्र धरमगुड़ी, सोमसिंह साहू, संजू साहू, किशोर सेन, लोकेश्वर प्रसाद रजक, देवानंद देवांगन, योगेश कुमार, सरोज साव आदि का योगदान रहा। जनमानस से भेंट में मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा प्रतिनिधि जन मानस के बीच जाकर भाजपा की जनहितैषी नीति रीति से अवगत करा रहे लोग स्वस्फूर्त भाजपा सदस्य बनकर गर्व महसूस कर रहे है। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने बताया कि आम जन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीति से काफी प्रभावित है। भाजपा का सदस्य खुले आम बनने का यह सुनहरा अवसर मिला है। सदस्य बनते ही सदस्यता कार्ड उपलब्ध होना लोगों को बहुत अच्छा लग रहा है।

### मनवा कुर्मी समाज के लोग चुनेंगे मुखिया



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं राजप्रधानों का शपथ ग्रहण 21 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे केंद्रीय निर्वाचन कार्यालय स्वर्गीय अनंत राम बरछिहा बहुद्देशीय भवन नरदहा के सभाकक्ष में होगा। उक्त जानकारी देते हुए केंद्रीय निर्वाचन समिति के सदस्य ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विगत दिवस केंद्रीय निर्वाचन कार्यालय स्वर्गीय अनंत राम बरछिहा बहुद्देशीय भवन नरदहा के सभाकक्ष में सफल सुचारू निर्वाचन,परिणाम की घोषणा और शपथ ग्रहण को लेकर केंद्रीय एवम राज निर्वाचन समिति की बैठक आहूत किया गया।पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार 21 अक्टूबर को राजप्रधान तथा केंद्रीय अध्यक्ष के चुनाव नतीजों की घोषणा किया जायेगा और विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया जायेगा। उसी दिन बहुत ही सादगी पूर्ण सभा में सात नवनिर्वाचित राजप्रधानों और केंद्रीय अध्यक्ष को शपथ दिलाई जाएगी। समाज के संरक्षक गण भूपेश बघेल, विजय बघेल, टंकराम वर्मा, विपिन बिहारी वर्मा, मन्नू लाल पगनिहा, सीता राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और उनके ही द्वारा शपथ पत्र का वाचन किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष डॉक्टर केके नायक ने निर्वाचन समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उक्त चुनाव समाज के इतिहास का सबसे बड़ा चुनाव है, निःसंदेह उक्त चुनाव ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बंसल ब्रदर्स में उपलब्ध है दीपावली और विवाह का विशेष संग्रह




**भिलाई।** ट्रेडिशनल एवं मॉडर्न फैशन व चलन के अनुसार परिधानों के खास़ संग्रह के लिए प्रसिद्ध भिलाई का एक्सक्लूसिव शोरूम बंसल ब्रदर्स, सिविक सेंटर में आगामी त्योहार नवरात्रि, दीपावली एवं वैवाहिकी प्रसंगों के लिए परिधानों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। साथ ही स्पेशल आफर में 5000 की खरीदारी में 500 रुपए, 20,000 की खरीदारी में 2500 एवं 50,000 की खरीदारी में 7500 का फ्लट डिस्काउंट दिया जा रहा है। बंसल ब्रदर्स में सभी विशेष प्रांतों की सिल्क, काटन और कोसा की साड़ियां, बनारसी, चंदेरी, लिनने, बैंग्लोर, मैसूर सिल्क, हेंडलूम सिल्क की साड़ियां, साथ ही सूरत की ब्रांडेड लक्ष्मीपति, विशाल सुभाष अंबिका की लेटेस्ट कलेक्शन सहित सभी प्रसिद्ध ब्रांड की नाईटी एवं नाईट सूट, कुर्तियां इंडो वेस्टर्न ड्रेस, गर्ल्स जीन्स टाप, स्कर्ट टाप, पार्टी गाउन, क्रॉप टाप, स्कर्ट टाप, लेगिंस, प्लाजो सेट का नया कलेक्शन उपलब्ध है। सूटिंग-शर्टिंग में रेमंड, रीड एंड टेलर्स, जे हेमस्टेट, सियाराम, प्योर कॉटन एवं अरविंद जैसे ब्रांडेड फेब्रिक्स का विशेष संग्रह है। विशेष पूजा अवसरों व वैवाहिकी अवसरों पर पहने जाने वाले जेंट्स रेडीमेड कुर्ता, पजामा, गर्ल्स ट्यूनिक, जींस, टॉप, मिडीस, जेगिंस, कुर्ती, क्रॉप टॉप का लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है। ब्रांडेड बेडशीट, टॉवल, वुलन ब्लैंकट, शॉल भी उपलब्ध है। शो रूम रविवार शाम को भी खुला रहेगा।

### टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में तीन छात्राएं चयनित



**अंडा।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में हरियाणा टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 32वीं जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक गोहाना सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया से तीन छात्राओं लालिमा, टुमेश्वरी यादव एवं रीना निषाद का चयन टीम में हुआ है जो छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य नीलमणि उजवने ने शाला की तरफ से चयनित खिलाड़ी छात्राओं को क्रिकेट किट प्रदान कर अपनी शुभकामनाएं दी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## हुडको में भजन-संध्या का आयोजन

**भिलाई।** शरद पूर्णिमा महोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। दशहरा मैदान हुडको में पं. सुनील द्विवेदी महाराज के सानिध्य में मां दुर्गा उत्सव समिति सोमेश द्विवेदी ने यह आयोजन किया। द्विवेदी ने प्रभु श्री राम और मां दुर्गा के सुंदर भजन प्रस्तुत करके दर्शकों का मन प्रसन्न कर दिया। द्विवेदी ने सजा दो गुलशन प्रभु श्री राम आए, पंखिड़ा रे पंखिड़ा जैसे सुंदर भजन सुनाए। इसमें मुख्य रूप से कालीचरण महाराज एवं पूर्व विधायक व विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर ड्राइंग, खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रजनीकांत पांडे, संजय दानी, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, महेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## बीएमडीसी में परफॉर्मेंस इम्प्रूव्हमेंट वर्कशॉप

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन व विकास विभाग द्वारा भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी ) में मानसून के दौरान इलेक्ट्रिकल उपकरणों में संभावित बाधाओं पर जानकारी के लिए पीआईडब्ल्यू कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्ण कुमार ने किया। तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि सीजीएम एमके गोयल थे।
कृष्ण कुमार ने इस कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक एमके गोयल ने उद्बोधन में कार्यशाला के सतत आयोजन पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक रविशंकर, महाप्रबंधक प्रभारी अजय कुमार तथा पी.कृष्णमोहन ने संबोधित किया। उप महाप्रबंधक मुकुल कुमार सहारिया ने कहा कि कार्यपालकों तथा गैर कार्यपालकों के विभिन्न समूहों को मानसून के कारण बिजली उपकरणों में आने वाली समस्याओं के कारणों और उनके निराकरण की विवेचना कर सर्वग्राह्य हल प्राप्त करने के लिये इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मयंक कुमार कर्महे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रेल एल स्ट्रक्चरल मिल के कर्मचारियों को मिला शिरोमणि

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एल स्ट्रक्चरल मिल विभाग में को शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्रबंधक राकेश कुमार पटेल को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा नरेश कुमार देवांगन (जूनियर इंजीनियर),राधेश्याम शर्मा (इंजीनियर एसोसिएट), तारकेश्वर नायक (जूनियर इंजीनियर), दिलीप कुमार (इंजीनियर एसोसिएट) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया। महाप्रबंधक प्रशांत लाखे ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनकी पत्नी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया। समारोह में महाप्रबंधक विनय कुमार, आरके राजधर, प्रशांत खोंड, डीजीएम अजय वर्मा आदि उपस्थित थे।

### वाइट टाइगर के लिए प्रसिद्ध जू की बढ़ जाएगी रौनक

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नए और आकर्षक जानवरों की दरकार

**कई वन्यप्राणी हो चुके वृद्ध और कुछ का नहीं है जोड़ा, ठंड में बढ़ेंगे पर्यटक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

अंचल के सबसे पुराने और बड़े चिड़ियाघर मैत्रीबाग में पर्यटकों को नए मेहमानों का इंतजार है। जू में नए और आकर्षक देशी विदेशी जानवरों और पक्षियों की आमद से रौनक बढ़ने के साथ बीएसपी के राजस्व में बढ़ोत्तरी भी होगी।

उल्लेखनीय है कि बरसात के बाद ठंड के शुरु होने के साथ ही अब मैत्रीबाग में फिर से सैलानियों की भीड़ बढ़ेगी। मैत्रीबाग का प्रमुख आकर्षण विभिन्न प्रजाति के वन्य प्राणी और झूलों के साथ खूबसूरत फूलों के उद्यान होते हैं। खासकर यह वन्य प्राणी नन्हे पर्यटकों के खास आकर्षण का केंद्र होते हैं। लेकिन मैत्रीबाग में पिछले कई साल से नए जानवरों की आमद नही होने से इनकी तादाद सिमटती जा रही है। एक तरफ तो वन्य प्राणियों का एक्सजेंच नहीं हो रहा है वहीं दूसरी ओर कई वन्य प्राणी वृद्ध हो चुके हैं और पुराने जानवरों की स्वाभाविक मौत हो चुकी है। आठ माह पूर्व जंगल सफारी रायपुर से दो वाईट टाइगर व कुछ हिरणों की अदला-बदली हुई थी। लेकिन भिलाई सहित अंचल के पर्यटकों के मनोरंजन व जू एजुकेशन के लिए अन्य जू की तरह मैत्रीबाग में भी विभिन्न प्रजाति के अधिकाधिक नए आकर्षक देशी और विदेशी जानवरों और परिंदों की दरकार है।





### कई जानवर हो चुके वृद्ध

मैत्रीबाग में पिछले बीस साल के दौरान कई बूढ़े जानवरों की मौत और नए जानवरों की आवक नगण्य होने से संतुलन बिगड़ने से वन्य प्राणियों की तादाद आधेस भी कम रह गई है। इससे पर्यटकों को पुराने जानवरों को देखकर रही संतोष करना पड़ रहा है। मैत्रीबाग में कुछ साल पूर्व तक 8 रायल बंगाल टाईगर, 4 सिंह, 2 ऊदबिलाव, 3 जेब्रा, 2 क्रोकोडायल, पक्षियों में दर्जनभर गोल्डन पीजेंट,4 स्टुवर्ड स्टार्क सहित कई आकर्षक देशी विदेशी परिंदे थे। वर्तमान में 3 किशोरवय शावकों के साथ 8 वाइट टाइगर, 3 भालू, 1 रायल बंगाल टाईगर, 1 तेंदुआ,1 बब्बर शेर, 4 घड़ियाल,13 नील गाय,करीबन डेढ़ सौ हिरण व सांभर,आधा दर्जन सियार व लोमड़ी, 3 लकड़बग्गा, नेवला, सेही, नेवला व गोह सहित पक्षियों में 5 मोर, 1 एडजूटेंड, दर्जनभर से अधिक तोते, उल्लू, चील, कड़कनाथ आदि करीब 30 पक्षी हैं। इनमें दर्जनभर से अधिक परिंदे व जानवर बढ़े व इकलौते होने से इनकी मृत्यु के बाद कैज खाली होने से वीरान हो जाएंगे।

### पेंचीदा है एक्सचेंज प्रक्रिया

चिड़ियाघरों में नए जानवर लाने यानी वन्य प्राणियों के एक्सचेंज की प्रक्रिया व नियम अत्यिधक कठिन है। मैत्रीबाग में नए जानवर नहीं आ पाने की एक वजह यह भी बताई जा रही है। जानकारों के मुताबिक वाइल्ड लाइफ एक्ट के नियमों के मुताबिक दो जू में परस्पर जरुरत के मुताबिक वन्य प्राणियों की अदला- बदली के लिए मानदंड निर्धारित हैं। इनके तहत जानवरों की प्रकृति के अनुरुप सेहत,खानपान, देखभाल, जलवायु सूट करना चाहिए और कैज या एनक्लोजर के साइज भी तय हैं। पर्यटकों ने बताया कि सफेद बाघों के लिए प्रसिद्ध मैत्रीबाग में नए आकर्षक वन्य प्राणियों की आमद से सैलानियों के मनोरंजन के साथ आय भी बढ़ेगी।

## सेक्टर 6 में बेदखली कार्रवाई दो आवास कराए गए खाली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग, नगर सेवाए द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा सेक्टर 6 में बी एस पी आवास से कब्जेधारियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई। कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी उपस्थित थे। बेदखली के दौरान कब्जेधारियों द्वारा विवाद की स्थिति उत्पन्न किया जा रहा था लेकिन महिला पुलिस सहित पुलिस बल की उपस्थिति के सामने कब्जेधारियों की एक नहीं चली। आवास लाइसेंस पर आबंटित किया गया है लेकिन कब्जेधारियों द्वारा कई बार नोटिस तथा समझाइश देने के बाद भी आवास को खाली नहीं किया जा रहा था । इस आवास को मेंटेनेंस ऑफिस द्वारा लाइसेंसी को ऑक्युपेशन दे दिया गया है । बेदखली कार्यवाही में पुलिस बल सहित एनफोर्समेंट विभाग, पीएचडी विभाग के कार्मिकों के साथ प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड महिला गार्ड उपस्थित थे । दो दिनों से रिसाली सेक्टर में भी कब्जेधारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर 50 से अधिक कब्जेधारियों को नोटिस सर्व किया गया है तथा बी एस पी आवास को खाली करने कहा गया है ।

■ **समझाइश देने के बाद भी आवास खाली नहीं किया जा रहा था**

## कला मंदिर में जगजीत सिंग नाइट 26 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में 26 अक्टूबर को जगजीत सिंह नाईट का आयोजन संध्या 7.30 बजे से किया जाएगा। मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय वायलीन वादक व गायक दीपक पंडित व भिलाई के गायक प्रभंजय चतुर्वेदी गजलों व गीतों की प्रस्तुति देंगे। तबले पर संगत भालचंद्र शेगेकर व रामचंद्र सर्पे, की-बोर्ड पर दिलीप शर्मा, ढोलक - भगवत साहू, आक्डोपेड देवव्रत मजूमदार व दीपंकर दास, बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख संगत देंगे।

## जेपी चौक पर सड़क खराब होने से वाहनचालकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पांच महीने पूर्व सुपेला चौक पर नवनिर्मित अंडरब्रिज पर आवागमन शुरु किया गया था। ब्रिज निर्माण के दौरान टाउनशिप की ओर जेपी चौक के चारों ओर खुदाई व जेसीबी आदि से काम होने के कारण सड़क जगह जगह से उखड़ने के साथ गड्ढे भी हो गए थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ब्रिज के निर्माण बाद ऊबड़- खाबड़ सड़क की मरम्मत एजेंसी ने अब तक नहीं की है। इस कारण दोपहिया गाड़ियां यहां स्लिप व जंब होने से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। चौक पर हमेशा ट्रैफिक होता है। सेंट्रल एवेन्यू, दुर्ग, सुपेला चारो ओर से यहां आवागमन होता है।

सुपेला रेलवे फाटक पर रेलवे अंडरब्रिज बन जाने से लोगों को सुविधा हो रही है। लेकिन टाउनशिप की ओर जेपी चौक पर सड़क खराब होने से वाहनचालकों की परेशानी बढ़ गई है। अंडरब्रिज निर्माण के बाद इस चौक पर सड़क ऊबड़-खाबड़ है। इसे अब तक मरम्मत नहीं किया गया है। इससे गाड़ियां स्लिप होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

■ **गाड़ियां स्लिप होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है**

## सीपीएफ टेंपररी लोन पर अब नहीं लगेगा ब्याज, बीएमएस की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भिलाई इस्पात मजदूर संघ सीपीएफ ट्रस्टियों की बैठक में यूनियन के लगातार प्रयास से प्रबंधन और सीपीएफ ट्रस्टियों द्वारा कर्मचारियों के हित में सीपीएफ टेंपरेरी लोन पर लगने वाले ब्याज को पूर्णतः समाप्त करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए यूनियन ने लगातार प्रयास किया। इससे आगे लोन लेने वाले कर्मचारियों को केवल किस्त राशि ही पटाना होगा । 10 लाख लोन 5 वर्ष के लिए लेने पर मासिक किस्त राशि ब्याज सहित रु. 21,900/- के आसपास आता था अब केवल रु. 16,667 ही किस्त के रूप में देना होगा । इस्पात मजदूर संघ के महामत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि कर्मियों को सीपीएफ फंड में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा।

### समस्या का हुआ निदान

बैठक में यूनियन ने मांग की कि वर्तमान में जिनका टेंपरेरी लोन चल रहा है उनको भी नई व्यवस्था में मर्ज किया जाए एवं टॉप अप लोन को यथावत बनाए रखें । प्रबंधन ने कहा कि मांग से सहमत हैं लेकिन सॉफ्टवेयर में प्रोग्रामिंग करने के बाद एवं उसे जांच कर आगे बढ़ाने की प्रक्रिया स्टेप बाय स्टेप किया गया जिसके तहत आज प्रबंधन की ओर से यह आर्डर निकाला गया। इसका निवारण किया गया ।आर्डर की कॉपी साथ में संलग्न है । बैठक में चन्ना केशवलू व सीपीएफ ट्रस्टी डिल्ली राव,आईपी मिश्रा,अनिल सिंह उपस्थि थे।

## निगम में दारू पार्टी का वीडियो वायरल

**दुर्ग।** नगर निगम में ड्यूटी के दौरान राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और पूर्व पार्षद प्रमोद पटेल द्वारा नगर निगम कार्यालय में दारू पार्टी किए जाने का मामला सामने आया है। इसका। वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर तक जानकारी पहुंच गई है। इस मामले को लेकर कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी द्वारा जांच के आदेश जाने की चर्चा भी है। वीडियो में शराब की बोतल टेबल पर रखकर राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और पूर्व पार्षद प्रमोद पटेल बैठे दिखाई दे रहे हैं। कैमरा देखते ही उन्होंने वीडियो बनाने का विरोध किया। राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता कह रहे है कि, वह तो पूर्व पार्षद को मना करने गए थे। मामला बुधवार दोपहर को अतिक्रमण शाखा का बताया जा रहा है।

## सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन का किया हस्तांतरण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा दुल्की माइन्स के समीपस्थ ग्राम कमकासुर में सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन स्थापित कर ग्राम की महिला समूह को मशीन का हस्तांतरण किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सेंटर फॉर एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी फॉर सैनिटेशन दिल्ली के सहयोग से एक सेनेटरी पैड बनाने की मशीन उपलब्ध कराई। बीएसपी के महाप्रबंधक जयप्रकाश, अरूण कुमार उप महाप्रबंधक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक राकेश ठाकुर, उप प्रबंधक डां. जेएस बघेल, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) श्री सुशील कामडे एवं उप प्रबंधक (सीएसआर) श्री के के वर्मा सहित ग्राम कमकासुर की सरपंच श्रीमती जमुना बाई टेकाम आदि उपस्थित थे।

## देवनगर में साढ़े 8 लाख की लागत से बनेगी सड़क, हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जामुल पालिका में विकास कार्य अनवरत रूप से जारी है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने पिछले दिनों वार्ड-10 देवनगर में करीब साढ़े 8 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका जामुल के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य जारी हैं। हमारे नगर के सभी जनप्रतिनिधिगण की मांग एवं आम जनता के अपेक्षा के अनुरूप प्राथमिकता एवं आवश्यकता अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं। मांग के अनुरूप प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है। स्वीकृति मिलने के साथ ही काम शुरू किए जा रहे हैं। जामुल के विकास में हमारे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्य के साथ गणमान्य नागरिकों के सुझाव एवं सलाह के अनुरूप हम सब नगर विकास में सहभागिता निभाते रहे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रामप्यारी वर्मा, उप अभियंता विनोद कनोजिया, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, वरिष्ठ नागरिक लेखराम साहू, प्रेमलाल साहू, पदमन साहू, कौशल सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह, पीजी नर्सिंग कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के तहत बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। प्रतियोगिता में 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बीएसपी के सहायक महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा व पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डां. अभिलेखा बिस्वाल निर्णायक थे।

वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक श्री वीवीएस राव, पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की उप-प्राचार्य डॉ. श्रीलता पिल्लई तथा कनिष्ठ प्रबंधक पीके करोडे कार्यक्रम में उपस्थित थे। पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा जेनिफर साजी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

**आयुष्मान आरोग्य सेंटर सोनपुर व उप स्वास्थ्य केन्द्र केसरा का सांसद ने किया लोकार्पण**

# स्वास्थ्य व अच्छी शिक्षा का प्रबंध करना पहली प्राथमिकताः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई




आयुष्मान आरोग्य सेंटर सोनपुर और उप स्वास्थ्य केन्द्र केसरा का सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इन दोनों स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण कर सांसद ने लोगों को बड़ी सौंगात दी है। इन हेल्थ सेंटर के उद्घाटन से क्षेत्र की जनता में उत्साह का माहौल रहा। सभी ने हर्ष से जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही सांसद विजय बघेल ने अस्पताल में सबसे पहला चेकअप करवाया। अपना वजन भी तौला, बीपी, शुगर की जांच भी कराई। सभी स्वास्थ्य चिकित्सा कार्मचारियों को बधाई दी।

हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कई वर्षों से मांग थी कि उपस्वास्थ्य केंद्र खोला जाए। उस मांग को पूरा करने की शुभ घड़ी आज आई है। सांसद विजय बघेल के द्वारा सोनपुर और केसरा में स्वास्थ्य केंद्र खोला गया। केसरा में तो बहुत दिनों से था लेकिन बंद पड़ा था। जिसे आज खोला गया। इसी पाटन विधानसभा से मुख्यमंत्री भी रहे लेकिन विकास के ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया। आज विजय बघेल के आशीर्वाद से वो कार्य भी पूरा हुआ। उत्तर मंडल के अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि हमारे पाटन जिला पंचायत के सबसे बड़े गांव रहा इस क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। स्वस्थ और शिक्षा दोनों की जरूरत है। विजय बघेल की उदारता है कि इस ओर ध्यान दिया और आज उनके द्वारा सोनपुर व केसरा में लोकार्पण किया गया। वहीं सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से कैसे सुचारू हो और ग्रामवासी को इस स्वास्थ्य केन्द्र का लाभ मिलता रहें। हमारा पूरा प्रयास रहता है कि हम जनता को बेहतर स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा दे सके। इसी कड़ी में पहले प्रयास किया और आज यहां स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो पाया है। आने वाले दिनों में यहां क्षेत्र की जो भी समस्याएं होगी उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर बीएमओ कटौतियां, हर्षा लोकमणी चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, लोकमणी चंद्राकर उत्तर मंडल अध्यक्ष, लालेश्वर साहू दक्षिण मंडल अध्यक्ष, राज पाठक सांसद प्रतिनिधि योगेश, निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष, कुनाल शर्मा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, सरपंच भागवत सिन्हा, नरेन्द्र कुमार साहू उपसरपंच, सरपंच प्रतिनिधि टुम्मन लाल सिरमौर, उपसरपंच राजेन्द्र निषाद, पंच हुलाल निषाद, खुमान सिंह, कुम्भकार, धनेश्वर साहू, दिनेश पुरी, ओम प्रकाश साहू, राजेश वर्मा, संजय चंद्राकर, तेजराम पटेल, डुमेश्वर सिन्हा सहित आदि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411